हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 21 सितंबर 2025

13 कबड्डी स्पर्धा में एमएम कॉलेज के खिलाड़ियों ने मारी बाजी



14 पूरा काम व समय पर दिहाड़ी की मांग को लेकर प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ आज

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ रविवार 21 सितंबर को सुबह 9 बजे दमकौरा खेल स्टेडियम में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और भाजपा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करेंगे। सांसद खेल महोत्सव 2025 में नेशनल कबड्डी, हैंडबाल, बॉक्सिंग, जेवलिन थ्रो, शॉट पुट, लांग जंप, 100 और 400 मीटर रेस आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

### टूल का ताला तोड़कर 12 लाख की नकदी चोरी

**ओढां।** पुलिस ने भेड़-बकरी का व्यापार करने वाले व्यक्ति की शिकायत पर 12 लाख रुपए की नकदी चोरी करने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पप्पू निवासी गांव घुकांवाली ने बताया कि वह भाट समुदाय से है और भेड़-बकरियों के खरीद-बेच का व्यापार करता है। कुछ दिन पूर्व उसने अपने डेरे में खड़े रेहड़े के टूल में 12 लाख रुपए की नकदी रखकर ताला लगाया था।

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान सतनाम चौक क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को 7.51 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि एएसआई सुमित कुमार पुलिस टीम के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान बेगू रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के समीप मौजूद थे। इसी दौरान सतनाम सिंह चौक की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार युवक आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर युवक ने घबराकर बाइक रोककर वापस मोड़ने का प्रयास किया।

### सुप्रीम कोर्ट के रुख पर जताई चिंता

**सिरसा।** अखिल भारतीय किसान सभा ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा पराली जलाने के लिए किसानों को गिरफ्तार करने की बात पर गहरी नाराजगी व चिंता व्यक्त की है। सभा के राज्य महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू, गुरभजन सिंह संधू राज्य अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि सभा का मानना है कि यह किसानों के प्रति एक असंवेदनशील रवैया है।

### छात्राओं को संचार कौशलों से करवाया अवगत

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में संचार कौशल विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इस विषय पर राजकीय नेशनल महाविद्यालय रानियां से डॉ. मंजू गंडा ने अपने विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किए। प्रो. मंजू गंडा ने छात्राओं को बताया कि संचार कौशल क्या है? कैसे किया जाता है? इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संचार कौशल को सुधारने के विभिन्न उपाए भी बताए। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

### एचएयू हिसार में रबी कृषि मेला आज से

**फतेहाबाद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) 21 व 22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इस मेले में फतेहाबाद से भी काफी संख्या में किसान भाग लेंगे और कृषि की आधुनिक तकनीकों से रूबरू होंगे। एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' होगा। मेले का शुभारंभ 21 सितंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इस अवसर पर मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

---

### दुकानदारों के विरोध के बाद चेतावनी देकर वापस लौटी

# जिलाध्यक्ष के आश्वासन के बाद धीमा पड़ा नप का अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर में पिछले कई दिनों से नगरपरिषद द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान भाजपा के जिलाध्यक्ष के आश्वासन के बाद शनिवार को धीमा पड़ गया।

*शनिवार को हंस मार्किट पहुंची नगरपरिषद टीम*

हालांकि आज नगरपरिषद की टीम हंस मार्किट में पहुंची तो यहां के दुकानदारों में हडकंप मच गया। दुकानदारों को लगा कि यहां दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटवाया जाएगा लेकिन नगरपरिषद की टीम दुकानदारों को चेतावनी देकर वापस लौट आई। इसी बीच कई दुकानदारों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष को फोन किया तो बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने डीसी से बात कर दुकानदारों को आश्वासन दिया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। बता दें कि नगर परिषद कर्मचारी बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा की ओर से दो दिन तक अतिक्रमण हटाने का अभियान न चलाने का दावा किया गया था। इसके बावजूद अगले ही दिन शनिवार सुबह नगर परिषद कर्मचारी हंस मार्केट पहुंच गए। यहां दुकानदारों ने अधिकारियों को देखते ही उनका विरोध शुरू कर दिया। काफी देर तक बहस चलती रही। दुकानदारों ने अधिकारियों पर कुछ ही लोगों को टारगेट करने का आरोप भी लगाया। वहीं, कुछ दुकानदार बीचबचाव में भाईचारे से मामले को निपटाने की सलाह देते रहे।

बाद में अधिकारियों ने पॉलिथीन भी जब्त किए। इसी बीच बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने फिर से टीम के जाने के बारे में डीसी डॉ.विवेक भारती को अवगत करवाया। डीसी ने अधिकारियों से जानकारी लेकर जिलाध्यक्ष को अवगत करवाया कि आज अतिक्रमण हटाने नहीं दुकानदारों को जागरूक करने टीम गई है। इसके बाद उच्चाधिकारियों के फोन आने के बाद टीम वापस लौट गई।



**फतेहाबाद।** शहर में अतिक्रमण गिराती जेसीबी मशीन। *फोटो: हरिभूमि*

#### दो दिन का दिया समय, उसके बादे होगी कार्रवाई

गौरतलब है कि शुक्रवार को बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने मीडिया के सामने आकर कहा था कि उनकी अधिकारियों से बातचीत हो गई है। दो दिन तक अतिक्रमण हटाने का अभियान नहीं चलेगा। दुकानदारों को खुद ही शेड व अन्य अतिक्रमण हटाने के लिए समय दे दिया है। दूसरी ओर अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर खुद ही दुकानदारों ने अवैध कब्जे और अतिक्रमण को नहीं हटाया तो जेसीबी लेकर आएंगे और पूरे मार्केट के अवैध कब्जे व शेड तोड़ेंगे। इस पर एक दुकानदार ने कहा कि बिल्कुल तोड़ो, हम गवर्नमेंट के साथ है। मगर आपके गलत कामों के साथ नहीं है।

#### सफाई अभियान चलाया

*इसके बाद नगर परिषद की टीम एक-एक दुकानदार की दुकान के आगे पहुंची और उनको अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। साथ ही रेहड़ी चालकों को भी बेतरतीब तरीके से रेहड़ियां न लगाने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद की पिछले तीन-चार दिनों से चल रही इस कार्रवाई के बाद से दुकानदारों में भारी रोष बना हुआ है। हालांकि, मामला बीजेपी नेताओं व उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आते ही फील्ड में निकले अधिकारियों के फोन बजने लगे। इसके बाद तत्काल कार्रवाई रोककर टीम वापस नगर परिषद कार्यालय लौट गई। इस बारे बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि उन्होंने जेसीबी चलाने या तोड़फोड़ दो दिन तक नहीं करने के लिए कहा था। फिलहाल जेसीबी कहीं नहीं चली है। आज टीम दुकानदारों को समझाने गई होगी। मेरी इस बारे में डीसी डॉ.विवेक भारती से बात हुई है। उन्होंने ही यह बात बताई है। इसके अलावा नगरपरिषद द्वारा लाल बत्ती चौक के पास से जहां अतिक्रमण हटाया गया था, वहां सफाई अभियान भी चलाया गया।*

---



**सिरसा।** चौटाला माइनर की टेल पर किसानों की समस्या सुनते कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### सिंचाई के पानी की मांग को लेकर रोष

# किसानों ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर लगाई दौड़

- कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह ने किसानों के धरने को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

उपमंडल डबवाली के गांव चौटाला में सिंचाई पानी की मांग को लेकर किसानों ने शनिवार को अनूठे तरीके से प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर किया। किसान खाली नहर पर आंखों पर काली पट्टी बांध कर दौड़े और सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उधर, कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह भी किसानों के धरने में पहुंचे और अपना समर्थन दिया। उल्लेखनीय है कि चौटाला गांव के किसान सिंचाई पानी की मांग को लेकर चौटाला माइनर पर धरनारत हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। किसानों का आरोप है कि नहरी पानी के अभाव में फसलें खराब हो रही है जबकि सिंचाई विभाग पिछले काफी समय से बिना माप के झूठा डिजिटल डेटा मुख्यालय को भेजकर किसानों व विभाग के उच्चाधिकारियों को गुमराह कर रहा है।

#### मांगों का ज्ञापन सौंपा

धरनात किसानों ने डॉ. सिंह को बताया कि पिछले 2 साल से टेल तक पानी नहीं पहुंचा है जिसके चलते सिंचाई तो दूर पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा और किसानों को हजारों रुपए लगाकर मोल खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि विभाग को इसके बारे में कई बार अवगत करवाया लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि आज तक इतना होने के बावजूद पिछले 2 साल से हर रोज यहां बिना किसी माप के डिजिटल डाटा विभाग को भेजा जा रहा है, जो कि विभागीय लापरवाही का बड़ा प्रमाण है। समस्याओं से अवगत करवाते हुए किसानों ने डॉ सिंह को बताया कि आसाखेड़ा माइनर की आरसीसी री मॉडलिंग में भी भारी अनियमिताएं बरती गई है जिसके लिए किसानों ने धरना भी दिया था। किसानों ने उसकी जांच करवाने के लिए एक ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

---

# आंखों पर पट्टी बांध गाय को नाले में धकेला

- ग्रामीणों ने गाय को सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

क्षेत्र के गाव जमाल के समीप से गुजरने वाले ड्रेन में एक गाय को बड़ी बेरहमी से आंखों पर पट्टी बांधकर धकेल दिया गया। यह हृदय विदारक घटना तब सामने आई जब सुबह ग्रामीणों ने ड्रैन में गाय को इधर-उधर भटकते हुए देखा। गांव जमाल के निवासी प्रेम कुमार, अजय ज्याणी और ओम प्रकाश ने बताया कि सुबह-सुबह जब वे नोहर रोड के पास से गुजरे तो उन्होंने ड्रैन में गाय को तैरते हुए देखा। करीब से जाकर देखा तो गाय की आंखों पर कपड़े की पट्टी बंधी हुई थी। ग्रामीणों को तुरंत समझ आ गया कि किसी ने गाय को रात के अंधेरे में जानबूझकर धकेल दिया होगा। गाय को निकालने के लिए ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की। आखिरकार सभी के सहयोग से गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।



**सिरसा।** नाले में छटपटाती गाय।

#### कार्रवाई की मांग

समिति के सदस्य विजय कुमार, जगतपाल और अन्य ग्रामीणों ने आश्वासन दिया कि अब गाय की पूरी देखभाल की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल अमानवीय है बल्कि समाज में संवेदनाओं पर भी सवाल खड़े करती है। सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी ओमप्रकाश डूडी सहित गाँववासियों ने इस कायरतापूर्ण कार्य की कड़ी निंदा की। उनका कहना था कि निर्दोष पशु को इस तरह से जान से मारने की नीयत से ड्रैन में फेंकना बेहद शर्मनाक और निंदनीय कृत्य है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी पशु पर अत्याचार करने की हिम्मत न कर सके।

---

### धान की सरकारी खरीद कल से शुरू

# बीते वर्ष से 69 रुपये ज्यादा मिलेगा एमएसपी

सुरेंद्र असीजा ⏭फतेहाबाद

प्रदेश सरकार नें परमल धान की सरकारी खरीद 22 सितंबर से शुरू करने का फैसला किया है। अब पी आर किस्म धान की सरकारी खरीद 22 सितंबर यानि कल सोमवार से शुरू हो जाएगी।इस संबंध मे खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक नें प्रदेश के सभी डीएफएससी और खरीद एजेंसियो के जिला प्रबंधको को शनिवार शाम को पत्र लिख कर निर्देश दिये है।जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विनित जैन ने इसकी पुष्टि की है। बता दें सरकार ने धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय कर दिया है। इसके मुताबिक सामान्य धान 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए का धान 2389 रुपये प्रति क्विंटल होगा।

#### प्रदेश में 248 खरीद केंद्र

इस बार प्रदेश मे 248 और फतेहाबाद मे 50 मंडिया और खरीद केंद्र बनाये गए है। जहा पर हैफड़, डीएफएससी और हरियाणा वेयर हाउस धान की खरीद करेगी। प्रदेश में 1445 राइस शैलर कार्य कर रहे हैं। सीएमआर कार्य करने के लिए प्रत्येक चावल मिलर को संबंधित जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा ताकि वे ई-खरीद पोर्टल पर एजेंसियों के धान की कस्टम मिलिंग के लिए पात्र हो सकें। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रत्येक चावल मिलर को प्रति मिल 3,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा। यह पंजीकरण एक साल के होगा। हैफेड, डीएफएससी व वेयर हाउस किसानों का 17 फीसदी नमी वाला धान खरीदेंगे। सरकार ने धान खरीद की तिथि 1 अक्तूबर से निर्धारित की थी। मंडियो मे जल्द आ रहें धान को देखते हुए अब सरकार नें धान की ख़रीद सोमवार से करने का निर्णय लिया है। सरकार ने इस बार धान की एवज में चावल की मिलिंग के लिए राइस शैलरों को कुछ रियायत दी है।



#### राइस शैलरों को दी रियायत

पहले राइस शैलरों को सीएमआर के रुप में चावल मई मास तक देना होता था। सरकार ने अब सीएमआर की डिलीवरी जून तक कर दी है। यानी कि दिसंबर तक राइस शैलरों को 15 फीसदी चावल एफसीआई को देना होगा। जनवरी तक 40, फरवरी तक 60 व मार्च तक 75 व मई तक 90 तथा जून तक 100 फीसदी चावल की डिलीवरी देनी होगी। बता दें कि धान मिलिंग का 67 फीसदी चावल और एक फीसदी फोर्टीफाईड चावल राइस शैलर एफसीआई को देता है।

---

# नौकरी का झांसा देकर 1.10 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नौकरी का झांसा देकर 1.10 लाख की ठगी करने के मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने नौकरी एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रतनलाल उर्फ मोनू पुत्र दलबीर सिंह, निवासी रावलवास खुर्द, जिला हिसार के रूप में हुई है। शनिवार को थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता कमल पुत्र देवीलाल निवासी खाबड़ा कलां, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

**आरोपी की पहचान रतनलाल उर्फ मोनू के रूप में हुई**



पुलिस गिरफ्त में नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी।

# नौकरी के नाम पर 27.45 लाख की ठगी करने वाले दंपति को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नौकरी के नाम पर 27.45 लाख रुपये की ठगी करने के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने शनिवार को पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंपति की पहचान इंद्रपाल सिंह पुत्र खानचंद व सुदेश पत्नी इंद्रपाल सिंह निवासी वार्ड नंबर 3, देवी मंदिर के पास, इंद्री, जिला करनाल के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह मामला रामलाल पुत्र सावनराम निवासी राजीव कॉलोनी, फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में आरोपी दंपति ने खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़ा बताकर ग्रुप-डी की सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इस झांसे में आकर कई लोगों ने मिलकर कुल 27 लाख 45 हजार रुपये आरोपी दंपति को दे दिए।

*आरोपी ने खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़ा बताया*

# सरपंच पर हमले के मामले में युवक गिरफ्तार

- आरोपी के कब्जे से बाइक और चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

गांव बैजलपुर के सरपंच पर जानलेवा हमला करने के मामले में भूना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ईश्वर सिंह पुत्र जोगीराम, निवासी गांव बैजलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल व वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।



**भूना।** पुलिस गिरफ्त में सरपंच पर हमले का आरोपी।

#### शरीर पर आई गंभीर चोटें

शिकायतकर्ता ने जब हाथ से वार को रोका तो उसके हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर सरपंच का भाई प्रदीप और एक अन्य व्यक्ति सुनील मौके पर पहुंचे और आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हथियार सहित हिरासत में ले लिया। घटना में घायल सरपंच को पहले भुना के अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

---

**धर्म-कर्म** | सनातन धर्म में अश्विन माह की अमावस्या तिथि बहुत महत्वपूर्ण

श्राद्ध का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 : 27 मिनट से 1: 33 मिनट तक रहेगा

# सर्व पितृ अमावस्या आज, विधि विधान से श्राद्ध से पितरों की आत्मा को मिलती संतुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पितृपक्ष में 21 सितम्बर को पितृ अमावस्या है। सनातन धर्म में पितृपक्ष का अंतिम दिन यानी अश्विन माह की अमावस्या तिथि बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसे सर्व पितृ अमावस्या भी कहते हैं। इस दिन उन सभी पितरों का श्राद्ध किया जा सकता है, जिनका श्राद्ध किसी कारणवश नहीं हो पाया हो। सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर को पूर्वाह्न 12:16 प्रारंभ होकर 22 सितंबर 2025 को पूर्वाह्न 1:23 बजे समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसर सर्व पितृ अमावस्या से जुड़ी पूजा और श्राद्ध 21 सितंबर को किए जाएंगे। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पितृ अमावस्या पर अगर पितृ गया भी चले गए हैं तो भी उनके वंशज ब्राह्मण भोज और दान पुण्य कर सकते हैं।



पंडित सोनू शर्मा।

- पितरों की तस्वीर को दक्षिण दिशा में एक चौकी पर रखकर गंगाजल से पवित्र करना चाहिए

इससे पूर्वज खुश होंगे घर में खुशहाली आएगी। सर्व पितृ अमावस्या के दिन व्यक्ति को तन और मन से पवित्र होने के बाद अपने पितरों की तस्वीर को दक्षिण दिशा में एक चौकी पर रखकर गंगाजल से पवित्र करना चाहिए। सर्व पितृ अमावस्या के दिन ब्राह्मण को भोजन कराने के लिए एक दिन पूर्व ही आदर पूर्वक आमंत्रित करना चाहिए।

#### पितृपक्ष का रहेगा अंतिम दिन, सभी लोग कर सकेंगे श्राद्ध

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार श्राद्ध का शुभ मुहूर्त दोपहर एक बजकर 27 मिनट से तीन बजकर 33 मिनट तक है। रोहिणी मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से एक बजकर 44 मिनट तक होगा। उन्होंने कहा कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन यदि संभव हो तो किसी नदी तीर्थ या पीपल के वृक्ष के नीचे श्राद्ध करें। सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों के श्रद्धा के साथ ही तर्पण और पिंडदान आदि करें। पितृपक्ष के आखिरी दिन गाय, कुत्ते, कौवे, देवता और चींटी के लिए भोग निकालना बिल्कुल न भूलें। सर्वपितृ पितृ अमावस्या का पुण्यफल पाने के लिए एक अथवा तीन या फिर पांच ब्राह्मण को भोजन के लिए आमंत्रित करना चाहिए।

**साल का आखिरी सूर्य ग्रहण भी लगेगा:** पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इस बारे 21 सितंबर को साल का आखिरी सूर्य ग्रहण भी लगने वाला है। हालांकि यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां सूतक काल मान्य नहीं होगा। इसी दिन आश्विन माह की अमावस्या भी है। इस दिन उन सभी पितरों का श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है।

---

# दो महिला 59 किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए दो महिला तस्करों को 59 किलोग्राम चूरापोस्त सहित सिरसा के हिसार रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एएनसी सिरसा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान हिसार रोड स्थित दिल्ली पुलिया से बस अड्डा की ओर आ रही थी। इसी दौरान विवेक नर्सरी के पास दो महिलाए सड़क किनारे प्लास्टिक के थैले लेकर बैठी थी। पुलिस टीम को देखकर महिलाओं ने छुपने का प्रयास किया। संदेह होने पर टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मचारी ने तुरंत दोनों महिलाओं को काबू कर लिया।



**सिरसा।** चूरापोस्त के साथ पकड़ी गई आरोपी महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

#### 7.22 ग्राम हेरोइन बरामद

सब इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि बताया कि एएसआई रणजोध सिंह ने पुलिस टीम के साथ गस्त पड़ताल के दौरान गांव रत्ताखेड़ा क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 7.22 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।



# 500 रुपये के निवेश से भी बना सकते हैं लाखों रुपये का फंड

सुझाव | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या करना चाहते हैं तो निवेश की जल्द शुरूआत करें। आप कम पैसे से भी अच्छा खासा पैसा जोड़ सकते हैं। निवेश की सधे कदमों से शुरूआत करें, लक्ष्य तय करें और निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आप कुछ ही समय में अमीर बन जाएंगे और भविष्य में पैसे के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इन दिनों निवेश के कई ऑप्शन बाजार में मौजूद हैं। लेकिन आप कम पैसे से निवेश की शुरूआत करने जा रहे हैं तो आपके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यहां आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड जोड़ सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि 500 रुपये निवेश करके आप कितना फंड जोड़ सकते हैं और किस तरह से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं।

## यह जानना जरूरी

हर व्यक्ति को अपनी मंथली सैलरी का कुछ हिस्सा बचाकर निवेश जरूर करना चाहिए। आपकी सैलरी चाहे कम हो या ज्यादा निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। आजकल लोग निवेश करने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी को काफी पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी की खास बात यह है कि यहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छी फंड इकट्ठा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी के बारे में निवेश से पहले जान लिया जाना चाहिए। इससे आपको परेशानी नहीं होगी।




## म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश

म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है। खास बात यह है कि म्यूचुअल फंड एसआईपी में आप मात्र 250 रुपये से अपना निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबे समय तक निवेश कर आप काफी अच्छा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। आपके पास पैस बढ़ तो आप एसआईपी में निवेश बढ़ा भी सकते हैं। रिटर्न की बात करें तो म्यूचुअल फंड एसआईपी में औसतन 12 से 16 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। हालांकि मार्केट के हिसाब से यह रिटर्न घट या बढ़ भी सकता है।

## 500 रु. की एसआईपी में रिटर्न

अगर आप हर महीने 500 रुपये म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करते हैं और आप ऐसा 25 सालों तक करते हैं, तो आप 25 साल में कुल 1.50 लाख रुपये निवेश करेंगे। 12 प्रतिशत के हिसाब से आपको कुल 8.51 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें केवल 7.01 लाख रुपये आपके मुनाफे के होंगे। अगर आपके 15 प्रतिशत के हिसाब से रिटर्न मिलता है, तो आपको 25 साल बाद कुल 13.78 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें 12.28 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

## टॉप-अप एसआईपी में रिटर्न

नॉर्मल एसआईपी के अलावा आप टॉप-अप एसआईपी के जरिए भी निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर साल अपने निवेश के 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होता है। ऐसे में अगर आप टॉप-अप एसआईपी में 500 रुपये से अपना निवेश शुरू करते हैं और 25 सालों तक निवेश जारी रखते हैं, तो आप कुल 5.90 लाख रुपये निवेश करेंगे, जिसके बाद आपको कुल 19.67 लाख रुपये मिलेंगे, जिसमें केवल 13.77 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।



## अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से उठा सकते हैं ज्यादा फायदा

# म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में 3 बड़े अंतर, कहां करें निवेश

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**निवेश में नए हैं तो रेगुलर प्लान लग सकता है काफी आसान सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में**

*अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या है और इनके फायदे-नुकसान क्या है। सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं।*

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के सामने अक्सर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि उन्हें डायरेक्ट प्लान चुनना चाहिए या फिर रेगुलर प्लान। दोनों ही रास्ते एक ही स्कीम तक पहुंचाते हैं, लेकिन इनके बीच कुछ ऐसे फर्क हैं जो आपके रिटर्न और इनवेस्टमेंट से जुड़े तजुर्बे को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। अगर आप निवेश में नए हैं तो शायद रेगुलर प्लान आपको आसान लगे, वहीं अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं।

### खर्च और रिटर्न का फर्क

सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं। इनमें किसी बिचौलिये या ब्रोकरेज की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। आम तौर पर यह 0.5% से 1% के बीच ही होता है। दूसरी तरफ रेगुलर म्यूचुअल फंड में डिस्ट्रीब्यूटर या ब्रोकर की फीस भी जुड़ जाती है। इस वजह से इनका एक्सपेंस रेशियो 1% से 2.5% तक जा सकता है। यह अंतर भले ही सुनने में छोटा लगे, लेकिन लंबे समय में कंपाउंडिंग की वजह से यह आपके रिटर्न को काफी कम कर देता है। यही कारण है कि डायरेक्ट प्लान लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि आपकी जेब से फीस और कमीशन पर कम पैसा कटता है।



### निवेश करने और उसे मैनेज करने का तरीका

डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में अगला बड़ा फर्क इनमें निवेश करने और मैनेज करने के तरीके का फर्क है। डायरेक्ट प्लान आपको एएमसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या कुछ ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म पर ही मिलते हैं. यहां निवेशक को इनवेस्टमेंट से जुड़े सारे ट्रांजैक्शन खुद ही संभालने पड़ते हैं।

### रेगुलर प्लान में ये

रेगुलर प्लान में इन बातों की जिम्मेदारी काफी हद तक ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर संभालते हैं। वे न सिर्फ निवेश की प्रक्रिया से जुड़े पेपरवर्क और प्रोसेस को पूरा करना आसान बनाते हैं। इसलिए यह तरीका उन निवेशकों के लिए सुविधाजनक रहता है, जो नए हैं या इन चीजों के लिए समय नहीं निकाल पाते। हालांकि इस सुविधा के बदले आपको ज्यादा फीस चुकानी पड़ती है।

### सलाहकार की भूमिका

तीसरा बड़ा अंतर इस बात से जुड़ा है कि आपको निवेश में कितनी सलाह और मदद चाहिए। अगर आप निवेश की दुनिया में नए हैं और म्यूचुअल फंड चुनने में कंफ्यूज हो जाते हैं, तो रेगुलर प्लान आपके लिए बेहतर हो सकता है। यहां आपको ब्रोकर या फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मिलती है, जो आपकी जरूरत और रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से स्कीम चुनने में मदद कर सकते हैं।

### ऐसे समझना जरूरी

यह समझना जरूरी है कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड एक ही स्कीम में निवेश करते हैं, फर्क सिर्फ इनके खर्च, मैनेजमेंट और निवेश से जुड़ी सुविधा में है। डायरेक्ट प्लान उन निवेशकों के लिए सही हैं जो कम लागत में बेहतर रिटर्न चाहते हैं और निवेश से जुड़ी प्रॉसेस को खुद संभाल सकते हैं। वहीं रेगुलर प्लान उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिन्हें निवेश की प्रक्रिया को आसान रखना है और प्रोफेशनल सपोर्ट की जरूरत महसूस होती है।

### म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में अंतर

म्यूचुअल फंड डायरेक्ट

- **एक्सपेंस रेशियो** : कम, क्योंकि इसमें ब्रोकर/डिस्ट्रीब्यूटर का कमीशन नहीं जुड़ता।
- **रिटर्न** : लंबे समय में ज्यादा रिटर्न, खर्च कम होने के कारण
- **निवेश का तरीका** : सीधे एएमसी की वेबसाइट, ऐप या ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म से
- **निवेश का मैनेजमेंट** : निवेशक को खुद रिसर्च और मैनेजमेंट करना होता है
- **किसके लिए बेहतर** : अनुभवी निवेशकों के लिए

### प्लान म्यूचुअल फंड रेगुलर प्लान

- **एक्सपेंस रेशियो** : ज्यादा, क्योंकि इसमें कमीशन शामिल होता है
- रिटर्न थोड़ा कम, क्योंकि फीस और कमीशन कटता है
- **निवेश का तरीका** : ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए

**एफडी में पैसे लगाना निवेश का सबसे आसान तरीका, एफडी में निवेश कर आप काफी अच्छा रिटर्न पा सकते**

**रिटायरमेंट तक लाखों का फंड भी जोड़ सकते हैं**

# सुरक्षित तरीके से बनाएं लाखों का फंड, एफडी में जरूर करें निवेश

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*"एफडी में पैसों को निवेश करने पर पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के लिए एफडी बेस्ट ऑप्शन है। इसमें कोई भी निवेश कर सकता है और अपने लिए फंड जोड़ सकता है।*

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी के बारे में तो आप जानते ही होंगे। एफडी हमेशा से ही पैसों को निवेश करने के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है और सुरक्षित तरीका होता है। फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में निवेशकों को एक निश्चित अवधि के लिए अपना पैसा निवेश करना होता है। इस अवधि के दौरान निवेशकों को एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। ऐसे में अगर आप भी अपने पैसों को निवेश करना चाहते हैं, तो आपको एफडी में अपने पैसों को जरूर निवेश करना चाहिए एफडी में लंबे समय तक निवेश करके आप लाखों रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं। एफडी में भले की ब्याज कुछ मिलता है लेकिन पैसों का कोई खतरा नहीं होता। आप थोड़ा थोड़ा करके आसानी से अच्छा पैसा जोड़ सकते हैं जो बुढ़ापे में या आपके बच्चों की पढ़ाई में या फिर उनकी शादी के समय में आपके काफी काम आ सकता है। अगर आपने अभी तक किसी भी एफडी में अपने पैसों का निवेश नहीं किया है, तो आज हम आपको एफडी में निवेश करने के कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानकर आप एफडी में निवेश जरूर करेंगे।

### एफडी में निश्चित रिटर्न

एफडी में मिलने वाला रिटर्न पहले से ही फिक्स्ड होता है। ऐसे में आप मिलने वाले रिटर्न के हिसाब से अपनी आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। एफडी का रिटर्न निवेश करने के बाद कम या ज्यादा नहीं होता है और आपके पैसे के खोने का डर भी नहीं लगता। इसे समय से पहले भी जरूरत पड़ने पर भुनाया जा सकता है।




### एफडी में अच्छा रिटर्न

एफडी में सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के साथ साथ अच्छा रिटर्न भी मिलता है। कई बैंक अपनी एफडी पर काफी अच्छा रिटर्न देते हैं। इसके अलावा एनबीएफसी की एफडी में आप 9 प्रतिशत की दर से भी रिटर्न पा सकते हैं। इतना ही नहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में अधिक ब्याज का लाभ मिलता है। आप अपने माता-पिता के नाम पर भी एफडी करवा सकते हैं और अधिक रिटर्न पा सकते हैं।

### छोटी से लेकर लंबी अवधि

एफडी में आप छोटी से लेकर लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इसमें आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। खास बात यह कि एफडी का समय पूरा होते ही पैसा अपने आप आपके खाते में आ जाता है। कई बैंक और फाइनेंशियल कंपनियां एफडी पर लोन की सुविधा भी देती हैं। ऐसे में निवेशक मुश्किल समय में पैसों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### एफडी में टैक्स छूट

एफडी में निवेश करके टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। यह छूट इनकम टैक्स के सेक्शन 80सी के तहत मिलती है, जिसके तहत आप 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश कर 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट पास सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी दरें

- सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.50% तक ब्याज देता है, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.00% और 5 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.25% से 8.00%, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 6.00% से 8.50% तक ब्याज देता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 9.10% तक ब्याज मिलता है।

### प्राइवेट बैंकों में एफडी दरें

- आरबीएल बैंकः 1 साल की एफडी पर 7.00% से 7.20% तक ब्याज देता है।
- यस बैंकः 1 साल में 6.75% से 7.00% ब्याज
- इंडसइंड बैंकः 1 साल की एफडी पर 6.75% से 7.00% तक ब्याज देता है।
- आईसीआईसीआई बैंकः 1 साल की एफडी पर 6.50% तक ब्याज देता है।

### सरकारी बैंकों में एफडी दरें

- बैंक ऑफ बड़ौदाः 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- पंजाब नेशनल बैंकः 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडियाः 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- एसबीआई : 1 साल की एफडी पर 6.45% तक ब्याज देता है।



# हाइएस्ट एसेट वाले 5 लार्जकैप फंड्स ने 25% तक दिया सालाना रिटर्न

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए लार्ज कैप फंड्स को स्मॉल कैप या मिड कैप की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद ऑप्शन माना जाता हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्ज कैप फंड देश की टॉप और मजबूत कंपनियों में निवेश करते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय में इनका रिस्क थोड़ा कम रहता है और स्टेबल रिटर्न मिलने की उम्मीद भी रहती है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के लिहाज से इस वक्त देश के टॉप 5 लार्ज कैप फंड्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू, निप्पॉन इंडिया और मिरे एसेट की स्कीम्स शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के 12 सितंबर 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक इन फंड्स ने पिछले 5 सालों में 18% से 25% तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड इस समय सबसे ज्यादा एसेट वाला लार्ज कैप फंड है। इसका एयूएम करीब 73,731 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड ने डायरेक्ट प्लान से 22.32% और रेगुलर प्लान से 21.60% का सालाना रिटर्न दिया है. खर्च के मामले में इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.86% और रेगुलर प्लान में 1.42% है। लगातार मजबूत परफॉर्मेंस ने इसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### एसबीआई लार्ज कैप फंड

एसबीआई लार्ज कैप फंड का एयूएम 53,887 करोड़ रुपये है. इस फंड ने पिछले 5 सालों में डायरेक्ट प्लान से 19.93% और रेगुलर प्लान से 19.07% सालाना रिटर्न दिया है. इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.81% और रेगुलर प्लान में 1.49% है।

### निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड का एयूएम 46,628 करोड़ रुपये है. पिछले परफॉर्मेंस के मामले में यह सबसे आगे रहा है. पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 25.55% और रेगुलर प्लान ने 24.50% की दर से सालाना रिटर्न दिया है। एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.69% और रेगुलर प्लान में 1.51% है। हाई रिटर्न की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर बना हुआ है।

### मिरे एसेट लार्ज कैप फंड

मिरे एसेट लार्ज कैप फंड का एयूएम 40,510 करोड़ रुपये है। इस फंड का 5 साल का सालाना रिटर्न डायरेक्ट प्लान में 18.06% और रेगुलर प्लान में 16.87% रहा है। खर्च की बात करें तो इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.55% और रेगुलर प्लान में 1.52% है. डायरेक्ट प्लान का लो एक्सपेंस रेशियो इसकी खास बात है।

### एचडीएफसी लार्ज कैप फंड

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड का एयूएम 38,689 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 21.87% और रेगुलर प्लान ने 21.15% के हिसाब से सालाना रिटर्न दिया है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.99% और रेगुलर प्लान में 1.60% है। मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है।

# दिवाली पर सोना चमका सकता है किस्मत, कर सकते हैं निवेश

सुझाव | बिजनेस डेस्क

इस दिवाली पर आप भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं, लेकिन आपको अपना लक्ष्य लेकर चलना होगा। पहले यह देखें कि निवेश के लिए क्या सही है। हालांकि वर्ष 2010 से अब तक देखा जाए तो सोने ने सबसे अधिक रिटर्न दिया है। 2010 से दिवाली-दर-दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से कहीं आगे रहा है। इस अवधि में किया गया 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदल गया। वहीं, इस अवधि में निफ्टी 50 का रिटर्न 3.72 लाख रुपये रहा है। पिछले वर्ष के दौरान सोने के बेहतर प्रदर्शन ने सभी निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जबकि दलाल स्ट्रीट के कमजोर प्रदर्शन ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर कर दिया है और इक्विटी मार्केट के शॉर्ट आउटलुक को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, त्यौहारी सीजन के करीब आने के साथ ही मनीकंट्रोल ने 2010 से हर दिवाली पर सोने और इक्विटी के रिटर्न का विश्लेषण किया है।

**2010 से दिवाली दर दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से आगे रहा**

## 2010 से अब तक 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदला

**विश्लेषण में यह खुलासा**

इस विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार तेजी देखने को मिली। वहीं, सोने में काफी वोलैटिलिटी देखने को मिली है। इस अवधि में गोल्ड में लंबे समय तक सुस्त प्रदर्शन देखने को मिला है फिर इसकी कीमतों में तेज उछाल भी देखने को मिला है। यदि किसी निवेशक ने 2010 से प्रत्येक दिवाली पर निफ्टी 50 के साथ-साथ सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया होता, तो आज इसके बिल्कुल अलग-अलग होते।

### सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर

अगर 2010 से हर दिवाली पर सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया गया होता तो शेयरों की तुलना में बेहतर रिटर्न देखने को मिलता। सोने में इस सिस्टेमेटिक सालाना निवेश से 1.5 लाख रुपये का निवेश इस अवधि में 4.47 लाख रुपये में बदल जाता। वहीं, इक्विटी में किया गया 10,000 रुपये का सालाना निवेश आज की तारीख में 3.72 लाख रुपये ही हुआ होता। इसका मतलब यह है कि 2010 से हर साल 10,000 रुपये का निवेश करने से सोने का प्रदर्शन निफ्टी से बेहतर होता, जो निवेश में 4.5 गुना की बढ़त करता, जबकि निफ्टी में 15 सालों में 3.7 गुना की ही बढ़ोतरी हासिल करता। हालांकि, अगर किसी निवेशक ने पिछले 15 सालों के बाद अपनी निवेश यात्रा शुरू की है और पिछले 5 सालों में हर दिवाली पर सोने और शेयरों में पूंजी लगाने का फैसला किया है, तो भी सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर रहा होता।

### सोने की सालाना ग्रोथ 15.1% रही

पिछले 5 सालों में दिवाली-दर-दिवाली सोने की कमतों में सालाना (सीएजीआर) 16.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ रेट 13.8 प्रतिशत रही है। अगर पिछले दस सालों के दोनों के अंतर को देखें,तो यह अंतर कम हो जाता है। इस अवधि में सोने की सालाना ग्रोथ 15.1 प्रतिशत रही है, जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ 12.3 प्रतिशत रही है। अगर किसी दूसरे साल भी दिवाली पर निफ्टी और गोल्ड में 10-10 हजार रुपए का निवेश किया गया होता तो नतीजे अलग-अलग होते और सोने का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होता। अगर, 2010 में ये निवेश किया गया होता तो शेयरों किया गया ये निवेश 39,180 रुपये हो गया होता। जबकि आज सोने में की गई निवेश की कीमत 54,200 रुपये हो गई होती।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित

2015 में निफ्टी किए गए इतने निवेश का भाव इस समय 31,630 रुपये हो गया होता। जबकि सोने में किया गया ये निवेश 41,340 रुपये हो गया होता। अगर यही निवेश 2020 में हुआ होता तो दोनों असेट्स में अच्छा रिटर्न मिला होता। इस अवधि में निफ्टी में किया गया निवेश 19,370 रुपये होता। जबकि, सोने में किया गया निवेश थोड़ा बेहतर 20,980 रुपये पर रहा होता।

### मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा

- सोना अक्सर मुद्रास्फीति के खिलाफ एक अच्छा हेज माना जाता है। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।
- विविधीकरणसोना एक विविध निवेश विकल्प है जो आपके पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर सकता है। इससे जोखिम कम हो सकता है और रिटर्न बढ़ सकता है।
- आर्थिक अनिश्चितता के समय सुरक्षासोना अक्सर आर्थिक अनिश्चितता के समय एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है। जब बाजार अस्थिर होते हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- लंबी अवधि के लिए निवेशसोना एक लंबी अवधि के लिए निवेश विकल्प हो सकता है। सोने की कीमतें लंबी अवधि में बढ़ सकती हैं, जिससे आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।
- भौतिक संपत्तिसोना एक भौतिक संपत्ति है जिसे आप अपने पास रख सकते हैं। इससे आपको एक सुरक्षित और ठोस निवेश विकल्प मिलता है।
- वैश्विक मांगसोने की वैश्विक मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं।
- निवेश के विभिन्न विकल्पसोने में निवेश करने के विभिन्न विकल्प हैं, जैसे कि भौतिक सोना, सोने के बॉन्ड, सोने के म्यूचुअल फंड, और सोने के ईटीएफ ।

## खबर संक्षेप

### 25 खिलाड़ियों को किट का किया वितरण

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव लुदेसर के राजकीय हाई स्कूल में शनिवार को सेवा पखवाड़ा के तहत दो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल में समाजसेवी यशवीर गाट व उसके परिवार द्वारा स्कूल मंट चल रही एथलीट नर्सरी के 25 छात्रों को किट वितरित की गई। वहीं सभी छात्रों को एक-एक टी शर्ट दी गई। छात्रों को संबोधित करते हुए समाजसेवी यशवीर गाट ने कहा कि भविष्य में भी किसी प्रकार की बच्चों को जरूरत पड़ती है तो हमेशा मदद करने का कार्य किया जाएगा। इससे पहले गांव के छात्रों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### नई दिशा, नई उड़ान के तहत कार्यशाला संपन्न

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नई दिशा, नई उड़ान योजना के अंतर्गत शनिवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा में कार्यशाला-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कार्यशाला में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अनीता वर्मा, सहायक एल.ए.डी.सी. दविंद्र कौर ने उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल अधिकार, बच्चों के कल्याणकारी योजनाओं, जेजे एक्ट आदि के बारे में जानकारी दी।

### विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पहला सफाई अभियान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर रमेश सोनी ने बताया कि एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट शेर सिंह के नेतृत्व में 70 एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज कैंपस में व्यापक सफाई अभियान चलाया। सुबह 8 बजे शुरू हुए अभियान में कैडेट्स ने खेल प्रांगण और विज्ञान भवन के पीछे जमा कचरे, विशेष रूप से प्लास्टिक और अन्य अवशेषों को हटाया।

### किसान मंच ने घासीराम नैन को दी श्रद्धांजलि

**सिरसा।** हरियाणा किसान मंच के सदस्य चौधरी घासी राम नैन की आठवीं पुण्यतिथि पर मंच सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी ने श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी घासी राम किसानों के प्रसिद्ध नेता और समर्थक रहे। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में किसानों के लिए अनेक योगदान दिए। किसानों व मजदूरों के हितों के लिए लड़े। अपने योगदानों के कारण वह आज भी किसानों के दिलों में बसते हैं। हरियाणा किसान मंच चौधरी घासी राम नैन के योगदानों का सम्मान करता है।

### 8वें वेतन आयोग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** सेवानिवृत रेल कर्मचारी एसोसिएशन ने सचिव लक्ष्मीनारायण खर्रा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सहायक मंडल अभियंता हरीश चंद्र को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया है कि 8वें वेतन आयोग का जल्द से जल्द गठन किया जाए। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश चन्द्र गौड़, आरबी सिंह, चिरंजी लाल, सुरेश बाबू, चंदू लाल, हरी सिंह, रमेश चंद्र मिस्त्री, श्रवण कुमार, साधुराम, महेश चंद्र, अर्जुन, राजेंद्र शर्मा, जयप्रकाश सूलीखेड़ी, रामकुमार, राजकुमार बामनिया व रानी आदि मौजूद थे।

### भाई कन्हैया आश्रम का किया दौरा

**सिरसा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पुनीश जिंदिया तथा सीजेएम प्रवेश सिंगला ने शनिवार को भाई कन्हैया प्रकाशोत्सव के अवसर पर भाई कन्हैया आश्रम का दौरा किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को प्रकाशोत्सव की बधाई दी और आश्रम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। आश्रम में उन्होंने सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली।

---

### चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी में हुई प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

# इंटर कॉलेज कबड्डी स्पर्धा में एमएम कॉलेज के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज, फतेहाबाद की लडक़ों और लड़कियों दोनों कबड्डी टीमों ने चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दोनों टीमों को सीडीएलयू के वाइस चांसलर प्रो. विजय अरोड़ा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कॉलेज को मिली इस शानदार जीत के बाद कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ गई। एमएम एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, महासचिव विनोद मेहता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा, उपप्रधान अशोक तनेजा व बीएड कॉलेज उपप्रधान संजय बत्रा ने विजेता टीम के साथ कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल काजल व डॉ. रजनी को बधाई दी है। विजेता टीम का आज कॉलेज में पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज की विजेता रही कबड्डी टीम को सम्मानित करते सीडीएलयू के वाइस चांसलर प्रो. विजय अरोड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

#### शाह सतनाम ब्वॉयज कॉलेज को हराया

सीडीएलयू के वाइंस चांसलर प्रो. विजय अरोड़ा ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस कॉलेज के विद्यार्थियों ने न केवल फतेहाबाद जिला बल्कि सीडीएलयू का नाम भी देशभर में चमकाने का काम किया है। उन्हें गर्व है कि एमएम कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थान सीडीएलयू के साथ जुड़कर काम कर रहे हैं। टीम हैड डॉ. रामगोपाल काजल ने बताया कि इंटर कॉलेज कबड्डी नेशनल स्टाइल प्रतियोगिता सीडीएलयू सिरसा के एमपी हॉल में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में एमएम कॉलेज से लड़कियों की टीम ने इंचार्ज डॉ. रजनी तथा लडक़ों की टीम ने इंचार्ज प्रो. जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में भाग लिया। लड़कियों की टीम ने फाइनल मैच में शाह सतनाम जी गर्ल्ज कॉलेज सिरसा की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया वहीं लडक़ों की टीम ने सेमिफाइनल में एसजी एचएस पीजी कॉलेज जीवननगर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में एमएम कॉलेज ने शाह सतनाम ब्वॉयज कॉलेज सिरसा की टीम को हराकर प्रथम स्थान हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

## जिला स्तरीय साइंस क्विज में डीएवी पुलिस स्कूल की टीम रही अव्वल



फतेहाबाद। जिला स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता में विजेता डीएवी पुलिस स्कूल की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। डीएवी पुलिस स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की टीम ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर बाजी मारी। इस टीम में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी आर्यन, प्रतिका एवं भूमिका शामिल रहे। यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, फतेहाबाद के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें सीबीएसई एवं एचबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों की अनेक टीमों ने भाग लिया। प्रारंभिक राउंड से लेकर अंतिम चरण तक डीएवी पुलिस स्कूल की टीम ने अपने गहन ज्ञान, त्वरित उत्तर देने की क्षमता और आत्मविश्वास के बल पर निर्णायकों एवं दर्शकों को प्रभावित किया और दूसरे स्थान पर रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए स्कूल के लिए इस गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, जिज्ञासा और समर्पण वैज्ञानिक शिक्षा की सच्ची भावना को दर्शाते हैं।

### जिला स्तरीय जूनियर कुरास स्पर्धा 22 सितम्बर को गांव हंसेवाला में

बिहार में होने वाली नेशनल कुरास जूनियर चैम्पियपशिप में फतेहाबाद के खिलाड़ी भी अपना दमखम दिखाएंगे। लडक़ों व लड़कियों के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित इस चैम्पियनशिप को लेकर जिला स्तरीय ट्रायल 22 सितम्बर को टोहाना के गांव हंसेवाला में आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए जूडो कुरास कोच पवन ख्यालिया ने बताया कि इस बार जूनियर नेशनल कुरास चैम्यिनशिप नवम्बर माह में बिहार के पटना में आयोजित की जा रही है। इस चैम्पियनशिप में देशभर से खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैम्पियनशिप में फतेहाबाद के खिलाड़ी भी अपना दमखम दिखाएंगे। इसको लेकर जिला स्तरीय जूनियर कुरास प्रतियोगिता 22 सितम्बर को शाम 4 बजे गांव हंसेवाला में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के ग्रुप में 2009 से 2011 के बीच जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग लेंगे।

### स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते 2 पदक

**सिरसा।** शहर के बॉक्सिंग खिलाडि़यों ने हरियाणा स्कूल स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। स्पोट्र्स विजन बॉक्सिंग अकादमी के सचिव व सहायक कोच चंदन कश्यप ने बताया कि जिले के चार खिलाडि़यों उमेद सिंह, रबमीत, अंश शर्मा व खुशमीत सिंह ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। अंश शर्मा ने अंडर-17 में 81 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर पदक व खुशमीत सिंह ने अंडर-19 में 81 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर अकेडमी व जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि ये सभी प्रतिभागी सीनियर कोच राहुल शर्मा, सहायक कोच संदीप बेनीवाल के मार्गदर्शन में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीनियर कोच पिछले 25 सालों से खिलाडि़यों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

### बाजेकां स्कूल ने जीती ओवर ऑल ट्रॉफी

**सिरसा।** जूनियर रेडक्रॉस कैंप में 10 स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, बाजेकां ने ओवर ऑल ट्रॉफी हासिल की। प्रिंसिपल प्रहलाद सिंह बेनीवाल के कुशल नेतृत्व और शारीरिक शिक्षा शिक्षिका मीकी के मार्गदर्शन में बच्चों ने इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल प्रहलाद सिंह बेनीवाल ने स्कूल स्टाफ को बधाई दी और कहा की यह उपलब्धि स्कूल के बच्चों और स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

---

## गिरते लिंगानुपात को लेकर विभाग ने किया जागरूक




- मां अपने बच्चे को 6 माह तक सिर्फ अपना दूध ही पिलाए : बलविंद्र कौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

महिला व बाल विकास विभाग सिरसा की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के तहत शहर के थेहड़ मोहल्ला में कार्यक्रम आयोजन किया गया। क्षेत्र में गिरते लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए थेहड़ मोहला के आंगनवाडी केंद्र में बेटी जन्मोत्सव, कुआं पूजन, नीम बंधाई व पौधारोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर सुपरवाईजर बलविंद्र कौर ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बताया कि कि बेटा-बेटी में कोई भेद भगवान ने नही किया है।

इसलिए हमें भी बेटियो को आगे बढ़ने, पढ़ने व खान पान में भेदभाव नहीं करना चाहिए। 8वां राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बताया गया कि सभी महिलाओं व बच्चों के खान पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खानपान में मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए। दूध पिलाने वाली मां 6 माह तक बच्चे को सिर्फ अपना दूध ही पिलाए। इस अवसर तीन बच्चियों का केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा एक बच्ची का जलवा पूजन कर उसके नाम पर पौधारोपण किया गया तथा बच्ची के जन्म पर परिवार को पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर सुपरवाईजर बलविंद्र कौर, आंगवाड़ी वर्कर सुमन, माया, सोनिया, हैल्पर कविता रानी, एएनएम परमजीत व आशा वर्कर पायल उपस्थित रही।

## नेस्ले कंपनी ने किसानों के साथ किया धोखाः लखविंदर

- किसानों के साथ बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

भारतीय किसान एकता के प्रधान प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने शनिवार को बताया कि नेस्ले कंपनी के साथ जुड़े हुए पंजाब, हरियाणा व राजस्थान के पशुपालक किसानों को कंपनी की गलत नीतियों के चलते करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि नेस्ले कंपनी ने किसानों को भरोसे में लेकर बड़े-बड़े पशुपालक फॉर्म बनवाए, शेड लगवाए, सैकड़ों पशु खरीदे, बैंकों से लोन लेकर दूध का कारोबार शुरू किया, लेकिन नेस्ले कंपनी 2018 में दूध का कारोबार एकदम बंद करके उन्हें मझधार में छोड़कर ही चली गई, जिसके चलते उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने कहा कि भारतीय किसान एकता के प्रयासों से 2022 में नेस्ले कंपनी ने दोबारा दूध खरीदना शुरू किया किसानों ने राहत की सांस ली और नेस्ले कंपनी के कहने पर दोबारा से रूट वालों ने नई गाड़ियां ली, लोगों ने फिर पशु खरीदे, चिलिंग सेंटर व दूध इकट्ठा करने के लिए ड्रम, फैट की मशीनों इत्यादि पर लाखों रुपये खर्च किए, लेकिन नेस्ले के अधिकारियों की गलत मंशा के चलते बिना किसी पूर्व सूचना के फिर से 17 मई 2024 को सिरसा जिले से दूध लेना बंद कर दिया गया, जिससे दूसरी बार पशुपालक किसानों के साथ ठगी हुई।



सिरसा। किसानों के साथ बैठक करते किसान नेता लखविंद्र सिंह।

#### छोटे व्यापारियों के दूध के टैंकर कर दिए जाते है रिजेक्ट

कंपनी ने मोगा में अपना कारोबार शुरू करते समय बताया था कि कंपनी की प्राथमिकता छोटे किसानों व बड़े किसानों से सीधा दूध खरीदने की है, बड़े व्यापारियों से दूध नहीं लिया जाएगा, लेकिन अब बड़े अधिकारियों द्वारा दूध के बड़े कारोबारियों के साथ सांठगांठ करके उनसे लाखों लीटर दूध लिया जा रहा है। कमीशन के चक्कर में बड़े व्यापारियों का निम्न क्वालिटी का दूध भी पास हो जाता है, लेकिन किसानों से सीधे जुड़े हुए छोटे व्यापारियों को बंद करने के लिए उनके दूध के टैंकर रिजेक्ट कर दिए जाते हैं।

### नुक्कड़ नाटक व भाषण के जरिए ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक



**फतेहाबाद।** बच्चों को शिक्षित करना बहुत ज़रूरी है क्योंकि यह उनके समग्र व्यक्तित्व विकास, आर्थिक स्थिरता और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए आवश्यक है। शिक्षा उन्हें महत्वपूर्ण ज्ञान और कौशल सिखाती है। सोच-समझकर निर्णय लेने में सक्षम बनाती है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती है। यह बात गांव जल्लोपुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्कूल कलस्टर हैड बंसीलाल ने कही। आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जल्लोपुर के विद्यार्थियों द्वारा गांव जल्लोपुर के पंचायत भवन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक का थीम 'शिक्षा के प्रति जागरूकता' रहा। विद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक तथा भाषण के माध्यम से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे सर्व शिक्षा अभियान तथा उल्लास जैसे महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम के बारे ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों से अपने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में क्लस्टर हेड बंसी लाल, विद्यालय के इंचार्ज अंशुल सिंगला, ग्राम जल्लोपुर के सरपंच मांगे राम, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष चंद्र शेखर, सीएमसी सदस्य महिपाल के अलावा आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जल्लोपुर आदि मौजूद रहे।

### जानवी मिस फ्रेशर्स तो अर्जुन बना मिस्टर फ्रेशर्स



**सिरसा।** शाह सतनाम जी शिक्षण महाविद्यालय में अकादमिक एंड कल्चरल कमेटी के सौजन्य से बी.एड. प्रथम वर्ष के नव आगंतुक विद्यार्थियों के लिए एक भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रशासिका डॉ. चरणप्रीत कौर और प्राचार्या डॉ. रजनी बाला ने किया। समारोह का आगाज बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में तीन राउंड आयोजित किए गए। पहले राउंड में प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपना परिचय और कैटवॉक प्रस्तुत किया। दूसरे राउंड में नृत्य, गीत, भांगड़ा और गिद्दा जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीसरे राउंड में खेल और टास्क आयोजित किए गए, जिन्हें छात्रों ने

---

### थानों में जनता की शिकायतें खुद सुनेंगे अधिकारी

# एसपी ने अपराध गोष्ठी में दिए कड़े निर्देश, अवैध सूदखोरों और सट्टेबाजों पर करें सख्त कार्रवाई

**हर शिकायती प्रकरण का होगा त्वरित समाधान**

- गोष्ठी में समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे
- जिला में कानून व्यवस्था को मजबूत करना रहा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मैस के मीटिंग हॉल में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी का उद्देश्य जिला में कानून-व्यवस्था की मजबूती, गंभीर आपराधिक घटनाओं की समीक्षा, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग को गति देना रहा।



फतेहाबाद। अपराध गोष्ठी में अधिकारियों को निर्देश देते एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

#### अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों को दी कड़ी चेतावनी

एसपी जैन ने बैठक के दौरान सूदखोरी, क्रिकेट सट्टा एवं अन्य संगठित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने दो टूक कहा कि अवैध सूदखोरी और सट्टेबाजी समाज के लिए कैंसर समान है। इन पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई भी अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर नहीं रहेगा। थाना प्रभारियों को ऐसे असामाजिक तत्वों की तत्काल पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में लंबित विवेचनाओं, गिरफ्तारी वारंटों और वर्षों से अटके मामलों की समीक्षा की गई।

#### प्रत्येक थाना में महिला हेल्प डेस्क पूर्ण सक्रिय रहे : एसपी

महिला एवं बाल अपराधों को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना में महिला हेल्प डेस्क पूर्ण सक्रिय रहे। पीड़िताओं से संवेदनशील, सम्मानजनक एवं सहयोगात्मक व्यवहार हो। उन्हें तात्कालिक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। फेक न्यूज व अफवाहों के प्रसार पर रोक लगाने के लिए साइबर सेल को पूरी मुस्तैदी से काम करने को कहा गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि जनता की शिकायतों को आप स्वयं सुनें और उसी समय समाधान की प्रक्रिया शुरू करें। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एसपी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। स्वच्छता अभियान, सामुदायिक सहभागिता, एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि रात्रि गश्त नियमित रूप से की जाए। खुफिया सूचना तंत्र को सक्रिय रखा जाए।

- फेक न्यूज व अफवाहों के प्रसार पर रोक लगाने के लिए साइबर सेल को पूरी मुस्तैदी से काम करने के दिए निर्देश

---

## न्यूज डायरी

### कनव शैक्षणिक भ्रमण पर जाएगा इसरो



**सिरसा।** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक सिरसा के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के पांचवें सेमेस्टर के छात्र कनव दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए 22 सितंबर को इसरो, अहमदाबाद जाएगा। इस भ्रमण में राज्य भर से कुल 30 विद्यार्थी जा रहे हैं। कनव पिछले सेमेस्टर में हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड की राज्य स्तरीय परीक्षा में अव्वल भी रहा हैं, जो की संस्थान के लिए गर्व की बात है। संस्थान प्रवक्ता डॉ संजीव कुमार टूटेजा ने बताया कि पूरे हरियाणा के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र एवं छात्राएं इस भ्रमण में शामिल होंगे एवं वहां इसरो के वैज्ञानिकों से मिलेंगे। यह भ्रमण उनके जीवन को असली दिशा और दशा देगा।

### समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले वार्डवासी



**सिरसा।** शहर के वार्ड नंबर 10 के भाईचारा ग्रुप के वार्डवासियों ने वार्ड की वर्षों से चली आ रही समस्याओं के निदान के लिए उपायुक्त शांतनु शर्मा से मुलाकात की और लिखित में अपनी समस्याओं का ब्यौरा दिया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड से संबंधित समस्याओं जैसे सीवरों का पानी घरों में भरने, पीने के पानी में सीवर का पानी मिक्स होकर आना और हमारे एरिया में सीवरों की सफाई का काम काफी सालों से न होना, कबरसात होने पर पानी खड़ा रहना आदि समस्याओं की जानकारी दी।

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 तक करें

**सिरसा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए 23 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रिंसिपल ललित कालड़ा ने बताया कि सत्र 2026-27 में विद्यालय की 9वीं व 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि 9वी व 11वी में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने के अंतिम तिथि 23 सितंबर है। उन्होंने बताया कि जो छात्र- छात्रा वर्तमान में सिरसा के सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूल की 8वी कक्षा में पढ़ रहे हैं और उसकी आयु 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के मध्य हो, वो आवेदन करने के पात्र हैं। इसी प्रकार 11वीं परीक्षा प्रवेश के लिए आवेदन के लिए जो छात्र या छात्रा वर्तमान में सिरसा के किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल की 10वी कक्षा में पड़ता हो और उसकी आयु 1 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच में हो, वे ही आवेदन करने के पात्र है।

### सर्व विद्यालय संघ की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चयनित



**सिरसा।** सर्व विद्यालय संघ की जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव शनिवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। यह चुनाव सिरसा स्थित दयानंद उच्च विद्यालय में आयोजित बैठक में हुए। जिला स्तर पर हुए चुनाव में सर्वसम्मति से बलदेव सहगल को जिला अध्यक्ष, रोशन लाल चामल महासचिव, छगन सेठी कोषाध्यक्ष, राजकुमार अरोड़ा उपाध्यक्ष, कमल किशोर अरोड़ा को आई टी सैल प्रभारी नियुक्त किया गया।

### 25 को शुरू होगी 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना'

**सिरसा।** दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ 25 सितंबर को होगा, इस अवसर पर योजना के पंजीकरण के लिए मोबाइल एप लॉन्च किया जाएगा। इस एप माध्यम से पात्र लाभार्थी घर बैठे योजना का पंजीकरण कर सकेंगे। इसी कड़ी में 25 सितंबर को जिला विभिन्न जगह पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यह योजना 23 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए है, जिनकी पारिवारिक आय सालाना 1 लाख रुपए से कम है और जो पिछले 15 वर्षों से हरियाणा की निवासी हैं। जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार बताया कि योजना के तहत पात्र महिलाओं को मासिक 2,100 रुपए मिलेंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी।

### जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा आयोजित



**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से 15 टीमों ने भाग लिया। इनमें से प्रथम चरण में स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से आठ टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए किया गया जिन्होंने मौखिक प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में भाग लिया।

### गुटखा व पान मसाले पर प्रतिबंध सराहनीयः भाटी

**सिरसा।** मानव अधिकार परिषद हरियाणा ट्रस्ट व नशे के खिलाफ बेटा बचाओ अभियान के संयोजक एंटी ड्रग्स मैन तरुण भाटी ने हरियाणा में गुटखा पान मसाले पर प्रतिबंध लगाने पर हरियाणा सरकार की प्रशंसा की है। तरूण भाटी ने कहा कि आंकड़ों की बात करें तो हरियाणा में हर महीने लगभग 2916 नए कैंसर के मरीज सामने आ रहे हैं। सालाना इनकी सं या करीब 35000 हो जाती है। इसके अलावा हर महीने लगभग 1500 मरीज कैंसर जैसी घातक बीमारी से अपनी जान गंवा देते हैं। इस स्थिति को देखते हुए और राज्य में लोगों की सेहत को बचाने के लिए सरकार ने गुटखा और तंबाकू उत्पादों पर बैन लगाने का जो निर्णय लिया है, वो जनहित में काफी कारगर साबित होगा। भाटी ने कहा कि सरकार नशे को जड़ से मिटाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। सरकार द्वारा युवाओं को नशे से बचाने के लिए जिला वाइज मैराथन व साइक्लोथॉन का आयोजन करवाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 24 को बनभौरी धाम के लिए रवाना होगा जत्था

**रतिया।** मां बनभौरी देवी शक्तिपीठ के लिए जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी रतिया द्वारा तीन दिवसीय लंगर का जत्था प्रधान गुलाब शर्मा की अगुवाई में 24 सितंबर को रवाना होगा। कमेटी प्रधान गुलाब शर्मा ने बताया कि साल में दो बार हर नवरात्रों पर उनकी कमेटी द्वारा मां बनभौरी शक्तिपीठ में लंगर लगाया जाता है जो दिन रात 24 घंटे चलता है। बरवाला से 7 किलोमीटर दूर बनभौरी धाम की सडक़ पर पेट्रोल पंप के पास यह लंगर पिछले लगभग 8 वर्षों से साल में दो बार नवरात्रो में लगाया जा रहा हैं।

### धन दौलत से प्रभु को नहीं पाया जा सकता

**रतिया।** श्रीकृष्ण गौशाला रतिया के प्रांगण में संत बाबा बाबू राम दुगाल वाले व संत बाबा कर्म चंद बच्छुआना वालों की कृपा व संत शिरोमणि श्री नारायण मुनि के सानिध्य में श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी द्वारा गौ सेवा हेतू पितृ पक्ष में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य प्रदीप शास्त्री ने पांचवे दिन की कथा में बाल श्री कृष्ण जी और शंकर जी के प्रसंग की कथा सुनाई।

### टाउन पार्क में शरारती तत्वों ने मचाया उत्पात

**टोहाना।** शहर के हिसार रोड स्थित टाउन पार्क में शुक्रवार रात शरारती तत्वों ने नगर परिषद की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने पार्क में लगे सरकारी बेंच तोड़ दिए। यह टोहाना नगर परिषद का एकमात्र पार्क है। बता दें कि पार्क में रोजाना सैकड़ों लोग सैर के लिए आते हैं। पार्क में चौकीदार की व्यवस्था न होने से यह घटना हुई। इससे पहले भी शरारती तत्वों ने बेंच तोड़े थे। उन्होंने पार्क की ग्रिल को भी चुराने का प्रयास किया था। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से चौकीदार नियुक्त करने की मांग की है।

### नालसा व हालसा स्कीमों के लिए लगेंगे शिविर

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण यानि नालसा व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण यानि हालसा की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए 22 सितंबर से 29 सितंबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** एंटी-नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद पुलिस टीम ने दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जोगिंद्र उर्फ ढिल्ला पुत्र सूबे सिंह निवासी हरीजन कॉलोनी, फतेहाबाद तथा मनिंद्र सिंह उर्फ मन्नू पुत्र दर्शन सिंह निवासी शिव नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। एएनसी सेल प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि एएसआई रामअवतार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा।

### खेत से तार चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** खेत से तार चोरी करने के एक मामले में थाना जाखल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र टेका सिंह निवासी गांव साधनवास, तहसील टोहाना, के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता रिंकू पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव साधनवास की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि 6 सितंबर की रात को खेत से तार चोरी हो गए थे।

## जिले भर के श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

# पूरा काम व समय पर मानदेय को लेकर डीसी ऑफिस पर नारेबाजी

श्रमिक बोले, सरकार की नीति और नीयत में खोट मनरेगा कानून को सही ढंग से लागू नहीं किया जा



**फतेहाबाद।** पूरा काम व समय पर दिहाड़ी को लेकर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते मनरेगा मजदूर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा सरकार की नीति और नीयत में खोट है इसलिए मनरेगा कानून को सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा। मनरेगा मजदूरों को मांगने पर काम नहीं दिया जाता और काम मिल जाए तो किए गए काम की समय पर दिहाड़ी नहीं मिलती। यह बात अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष रामकुमार बहबलपुरिया ने उपायुक्त कार्यालय फतेहाबाद पर ग्रामीण मजदूरों के विशाल प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए व्यक्त की। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्यारा राम म्योंद ने की तथा संचालन दलबीर सिंह आजाद ने किया। ग्रामीण मजदूरों ने डीसी कार्यालय के बाहर पड़ाव डालकर जमकर नारेबाजी की और मनरेगा के तहत पूरा काम व समय पर दिहाड़ी दिए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए रामकुमार बहबलपुरिया ने कहा कि खेती के गहराते संकट के चलते भूमिहीन ग्रामीण गरीबों को मनरेगा कानून में दिन और दिहाड़ी मजदूरी बढ़ाकर राहत दी जा सकती है लेकिन भाजपा सरकार मनरेगा कानून को

■ श्रमिकों ने ऑनलाइन हाजिरी लगाने का किया विरोध

ही खत्म करने पर तुली हुई है। सत्ता के संरक्षण में अधिकतर अधिकारी मनरेगा कानून में सरेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं। भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बजाय मजदूरों के रोजगार पर ही डाका डाल रहे हैं। ऐसे हालात में मनरेगा कानून को बचाने, मनरेगा को सही ढंग से लागू करवाने और किए गए काम की समय-सीमा में दिहाड़ी मजदूरी, ऑनलाईन हाजरी बंद करने और मास्टररोल जारी करने की मांग को लेकर आंदोलन तेज करना होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ भयंकर रूप से महंगाई बढ़ रही है और रोजगार खत्म हो रहे हैं।

### बाढ़ व बारिश के कारण मजदूरों के मकान खराब हो गए

बरसात की वजह से गरीबों के घरों में दरारें पडने से रहने लायक नहीं बचे, इसलिए बरसात से खराब हुए मकानों का तुरंत सर्वे किया जाए और मकान मरम्मत के लिए फौरन ग्रांट जारी की जाए। फैमिली आईडी में आमदनी ज्यादा दिखाकर गरीबों के राशनकार्ड काटे जा रहे हैं। प्रदर्शन के बाद 11 सूत्री मांगों के समाधान हेतु उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## चुनाव की तैयारी को लेकर रही कड़ी सुरक्षा परिसर में तैनात रही पुलिस

# अशोक कुमार जाखल नपा के उपप्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



उपप्रधान चुने गए अशोक कुमार।

जिले की जाखल नगरपालिका के उपप्रधान के चुनाव को लेकर शनिवार को नगरपालिका कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। चुनाव को लेकर नगरपालिका कार्यालय पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस बैठक में सर्वसम्मति से वार्ड नंबर 6 के पार्षद अशोक कुमार को उपप्रधान चुना गया। चुनाव में एसडीएम आकाश शर्मा चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। बता दें कि करीब 6 माह से लंबित इस चुनाव के लिए सियासी सरगर्मी तेज रही। पहले यह चुनाव 17 सितंबर को होना था, लेकिन अंतिम क्षणों में प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया था। इसको लेकर शनिवार को बैठक बुलाई गई थी। आज नगरपालिका कार्यालय में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधान विकास कामरा समेत सभी 14 पार्षदों ने हिस्सा लिया। अशोक कुमार ने अकेले ही उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। सभी पार्षदों ने उनके नाम पर सहमति जताई। चुनाव से पहले तीन पार्षदों के बीच कड़ी टक्कर की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन चुनाव के दिन समीकरण बदल गए। अशोक कुमार की जीत के बाद उनके समर्थकों ने नगरपालिका कार्यालय के बाहर जश्न मनाया। इस दौरान नपा प्रधान और अन्य पार्षद भी मौजूद रहे। टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि सभी पार्षदों को चुनाव का एजेंडा समय पर भेजा गया था। मार्च में हुए नगरपालिका चुनाव के बाद से उपप्रधान का पद खाली था। इससे पहले एक बार चुनाव की तारीख तय होने के बाद भी इसे स्थगित कर दिया गया था। शनिवार को हुआ चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# व्यापारियों को तंग करने वाले सहन नहीं

■ 7 अक्टूबर को लगने वाले मेले की तैयारी के लिए दिया व्यापारियों को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां



**भट्टूकलां।** समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बजरंग गर्ग।

कोई अफसर तंग करे चाहे किसी विभाग का हो एक फोन कर दइयो मैं जानू मेरा काम जानें, कालर पकडक़र भींत में नी चेप दयूं तो कह दियो कि बजरंगदास गर्ग के कह के गया था। कोई भी अधिकारी तंग करेगा व्यापारी को तो किसी भी कीमत पर चाहे कितना ही बड़ा पावरफुल आदमी हो उसका पक्का प्रबंध कर देंगे।

हमने 40 साल से यही काम किया है सभी अफसरों का इलाज किया है। हम ईमानदारी से काम करते हैं, ईमानदारी से टैक्स देते हैं फिर क्यों अधिकारी तंग करते हैं।

यह बात अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग ने आज भट्टू मंडी के श्री हनुमान मंदिर में अग्रोहा में 7 अक्टूबर को लगने वाले मेले की तैयारी को लेकर हुई मीटिंग में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि ग्लोबल सिटी मंजूर करने से पहले यहां मूलभूत सुविधाएं दी जाए तभी इसका विकास होगा तो आगे ग्लोबल सिटी की बात सोची जा सकती है। अधिवेशन में ग्लोबल सिटी के बारे में कोई चर्चा नहीं की जाएगी।

### टीले की खुदाई पर ये बोले

अग्रोहा टीले की खुदाई को बीच में रोके जाने बारे बजरंग दास गर्ग ने कहा कि इसकी खुदाई में तेजी लाई जाए ताकि इसे शीघ्र ही पर्यटक स्थल का रूप दिया जा सके। इस मीटिंग में संगठन को पहले से ज्यादा मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज में व्यापार व उद्योग जगत में भारत देश का नाम विश्व स्तर पर चमकने का काम किया है। यहां तक की केंद्र व प्रदेश सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स वैश्य समाज दे रहा है। देश व प्रदेश में धार्मिक व सामाजिक कार्यों में खर्च करने में भी हमेशा आगे रहता है, जो हमारा फर्ज भी बनता है। सरकार का फर्ज बनता है कि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में वैश्य समाज का सहयोग करें।

# बाबा पिपल नाथ डेरे से चोरी मामले का पर्दाफाश, तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ 5 किलो वजन का चांदी का छत्र चोरी करने का आरोप

गांव नांगली स्थित बाबा पिपल नाथ डेरा में हुई चोरी के मामले का पर्दाफॉश करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शंकर पुत्र शमशेर, जय सिंह उर्फ पांडे पुत्र जसबीर तथा रिंकू उर्फ गोलू पुत्र धर्मवीर उर्फ पालू निवासी ढाणी संचला, भुना के रूप में हुई है। डीएसपी टोहाना उमेद सिंह ने बताया कि थाना सदर टोहाना द्वारा बलजीत सिंह पुत्र राय सिंह निवासी गांव नांगली की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि 14 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने बाबा पिपल नाथ मंदिर से लगभग 5 किलो वजन का चांदी का छत्र चोरी कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए टोहाना ने थाना सदर टोहाना में 16 सितम्बर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की मेहनत और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड हासिल किया है। सभी आरोपियों से सख्त पूछताछ जारी है।



**फतेहाबाद।** डेरा में चोरी मामले में गिरफ्तार तीनों युवक।

## एसडीएम आकाश शर्मा ने खेतों में पहुंचकर की गिरदावरी की पड़ताल



**टोहाना।** गिरदावरी की पड़ताल करते एसडीएम आकाश शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

एसडीएम आकाश शर्मा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ गांव नडैल सहित जाखल क्षेत्र के खेतों में पहुंचकर गिरदावरी की जांच पड़ताल की। एसडीएम ने गिरदावरी जांच-पड़ताल के दौरान राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी के रिकार्ड का भी मिलान किया। एसडीएम ने गिरदावरी के कार्य में लगे अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गिरदावरी का कार्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करें ताकि किसान को सरकारी योजनाओं का उचित लाभ मिलें।

### सही आंकड़े जरूरी

एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग रबी और खरीफ फसलों को गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करता है। सरकार के निर्देश पर ही गिरदावरी रिपोर्ट में सही आंकड़े आए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा तैयार किए गए गिरदावरी रिकार्ड का खेतों में खड़ी फसल के साथ मिलान किया और नक्शे को भी बारीकी से जांचा। एसडीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि गिरदावरी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए यह कार्य बिल्कुल सही व पारदर्शिता से होना चाहिए।

### चोरी करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** चोरी और धमकी के एक मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमनदीप उर्फ अमन पुत्र कर्मवीर सिंह निवासी धारसूल खुर्द के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को भी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि यह मामला प्रार्थी लवप्रीत सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

# सड़कों को बार-बार तोड़ने पर लोग नाराज, सैलजा ने सीएम को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा शहर की सडक़ों को बार-बार तोड़े जाने से नागरिकों को हो रही भारी असुविधा और शहर की सुंदरता पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव का मुद्दा उठाया है। सांसद ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर मांग की है कि सिरसा सहित पूरे हरियाणा में पाइपलाइन से जुड़े सभी कार्यों में आधुनिक ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि गैस पाइपलाइन, सीवर लाइन, पेयजल पाइपलाइन और स्टॉर्म वाटर ड्रेन डालने के कारण सडक़ों को बार-बार तोड़ा जा रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके चलते यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है और शहर की सुंदरता पर भी बुरा असर पड़ रहा है। सांसद ने कहा है कि देश-दुनिया में नई तकनीकों से विकास कार्य हो रहे है।

### परेशान हो रहे लोग

सांसद कुमारी सैलजा ने यह भी कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में कोई भी नया कार्य इस तकनीक के बिना न हो। साथ ही, शहरों को बार-बार तोडने के बजाय सडकों के निर्माण से पूर्व ही सभी आवश्यक प्रावधान किए जाएं, जो एक आधुनिक शहर की मूलभूत आवश्यकता होते हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि हरियाणा सरकार इस तकनीक का अनिवार्य रूप से उपयोग सुनिश्चित करें ताकि नागरिकों को बार-बार की परेशानियों से छुटकारा मिले।

### दो पुलिस सहायता बूथ होंगे स्थापित

**फतेहाबाद।** अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं सहयोग के उद्देश्य से शहर में दो पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए जा रहे हैं। यह बूथ भट्टू रोड स्थित सिटी नर्सिंग होम चौक और एम.एम. कॉलेज जीटी रोड चौक पर बनाए जाएंगे। इन चौकियों की स्थापना से क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगेगा और आमजन को त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी।

### पुनिया व रजनी मलिक आज शहर में

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी महिला सेल की प्रदेश प्रभारी डॉ. किरण पुनिया तथा प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक दहिया 21 सितम्बर को जिला फतेहाबाद के दौरे पर रहेंगी। यह कार्यक्रम पीलीमंदोरी, फतेहाबाद में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 21 सितंबर को सुबह 11 बजे होगा, जिसमें जजपा महिला सेल की संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

## सीडीएलयू के चार प्रोफेसरों का श्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ विवि प्रशासन ने शिक्षकों को सराहा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के चार फैकल्टी सदस्यों का स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा जारी विश्व के श्रेष्ठ दो प्रतिशत वैज्ञानिकों के आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन ड्यूरिंग करियर 2025 की सूची में चयन हुआ है। वर्ष 2024 तथा अपने पूरे करियर में विशेष शोध कार्य के लिए भौतिकी विषय व डीन यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के प्रोफेसर सुशील कुमार, बायोटैक्नोलोजी विषय में प्रोफेसरजोगिन्दर दुहन, फूड साइंस टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डा. संजू बाला दुल व बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. प्रदीप साध का चयन इस वैश्विक प्रतिष्ठित सूची में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने शनिवार को विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए इन प्राध्यापकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राध्यापकों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुरेश गहलावत सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी बधाई दी। विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों में भी खुशी का माहौल है। प्रो. जोगिंदर सिंह दुहन, पीएच.डी. बायोटेक्नोलॉजी के प्रोफेसर पद पर कार्यरत है।

### शोध की सराहना

वहीं फूड साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ संजू बाला ढुल वर्तमान में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं, जिनके पास 17 वर्षों से अधिक का शिक्षण एवं शोध अनुभव है। उनकी रुचि के क्षेत्रों में स्टार्च और गोंद जैसे जैव अणुओं का लक्षण वर्णन एवं संशोधन, खाद्य फिल्मों, हाइड्रोजेल, नैनोकणों, नैनोइमल्शन की तैयारी एवं

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रतियोगिता

# नौनिहालों ने पेंटिंग बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विशेष सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद फतेहाबाद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाते हुए शनिवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यालय की एनएसएस इकाई के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिसर की साफ-सफाई में सक्रिय योगदान दिया। सफाई अभियान के पश्चात छात्रों के लिए एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छता विषय पर अपनी रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छ भारत के संकल्प को चित्रों में उतारा। नगर परिषद की टीम ने छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और नियमित स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना था, बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करना था।

### दो अक्टूबर तक चलेगा अभियान

इस अवसर पर जिला नगरायुक्त संजय बिश्नोई ने कहा कि जिला में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहा है। इस दौरान अनेक कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता अपनाने बारे प्रेरित किया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता के प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह एक सतत अभ्यास है जो हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छता ही सेवा अभियान न केवल हमारे शहरों को स्वच्छ बनाने का प्रयास है, बल्कि यह हमें नागरिक दायित्वों की याद भी दिलाता है। उन्होंने कहा लोगों से अभियान में जुड़ने का आह्वान किया।

### आयुष विभाग की ओर से 23 सितंबर को मनाया जाएगा आयुर्वेद दिवस

**फतेहाबाद।** आयुष विभाग हरियाणा के महानिदेशक संजीव वर्मा व उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के आदेशानुसार आयुष विभाग द्वारा इस वर्ष 10वां आयुर्वेद दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। आयुर्वेद दिवस का कार्यक्रम आयुष्मान आरोग्य मंदिर मानावाली के नवनिर्मित भवन में आयोजित किया जा रहा है। इस बार आयुर्वेद दिवस का थीम आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लानेट रखा गया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस दौरान पोषण पखवाड़े के सुपोषित आहार सुपोषित भारत, स्वस्थ नारी स्वस्थ भारत अभियान, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा आदि कार्यक्रमों को भी आयुर्वेद दिवस से जोड़ा गया है। इस अवसर पर निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916